प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज मण्डी ज़िले के जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 76 करोड़ 31 लाख रूपए की 8 परियोजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर जोगिन्द्रनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार कई कड़े फैसले ले रही है जिससे प्रदेशवासियों को लाभ मिल रहा है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं 40 रूपए जबकि मक्की की फसल 30 रूपए प्रति किलो की दर से खरीदी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आम आदमी को घरद्वार पर सभी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान जोगिन्द्रनगर क्षेत्र के लिए 2 करोड़ 26 लाख रूपए की मदद प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि डबल ईंजन की सरकार ने हिमाचल की संपदा को लुटाया जबकि वर्तमान सरकार ने चोर दरवाज़ों को बंद किया है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज मण्डी ज़िले में कोटली उपमण्डल के समराहन में बागवानी विभाग के फल संतति व प्रदर्शन उद्यान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 1970 के दशक में बने इस उद्यान को विकसित किया जाएगा ताकि लोगों को बागवानी के प्रति आकर्षित किया जा सके। जगत सिंह नेगी ने कहा कि एच.पी. शिवा परियोजना के तहत समराहन में 2 सौ बीघा भूमि में कलस्टर विकसित किया जाएगा और इस क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल फल लगाए जाएंगे। बागवानी मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सब ट्रॉपिकल क्षेत्र में एक हज़ार दो सौ करोड़ की एच.पी. शिवा परियोजना चलाई जा रही है और 6 हज़ार हैक्टेयर भूमि को इसके तहत लाया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के प्राकृतिक उत्पादों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मिलिट्स का उपयोग स्वास्थ्य के लिए बेहतर है, ऐसे में प्राकृतिक उत्पादों का अधिक से अधिक उत्पादन करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कल शिमला के समीप जुन्गा में आयोजित चार दिवसीय फ्लाईंग फैस्टिवल व हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 के शुभारम्भ अवसर पर वानिकी परियोजना के स्टॉल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक उत्पादों से किसानों की आजीविका में सुधार होगा और उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी।

वाल्मीकि जयंती

आज महर्षि वाल्मीकि जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। चम्बा के बकलोह कैंट में महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय साहित्य के महान कवि और रामायण के रचयिता थे। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन की अनेक प्रेरणात्मक विशेषताएं हैं जिनका अनुसरण कर हम आज भी अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि उनके कार्यों से हमें सत्य और धर्म का पालन करने की प्रेरणा भी मिलती है। सोलन में आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सभी को समरसता व एकता का संदेश दिया था। उन्होंने सभी से महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

अनुबंध कर्मचारी

सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार से सितम्बर तक 2 साल का अनुबंध कार्यकाल पूरा कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अपनी मांगों को लेकर महासंघ ने कई बार मुख्यमंत्री से मुलाकात की है लेकिन अब तक कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनुबंध कर्मचारियों को पहले साल में दो बार नियमित किया जाता था, लेकिन अब नए नियमों के अनुसार मार्च में एक बार ही नियमित किया जा रहा है। कामेश्वर शर्मा ने कहा कि ये नियम पहले भर्ती हो चुके कर्मचारियों पर लागू नहीं होना चाहिए।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने और नायब सिंह सैनी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। शिमला में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव में परिणाम कांग्रेस के पक्ष में नहीं आए जिसे लेकर पार्टी हाई कमान मंथन करेगा। विक्रमादित्य सिंह ने उम्मीद जताई कि हरियाणा की नई सरकार हिमाचल और हरियाणा के आंतरिक मामलों पर सकारात्मक रवैया अपनाते हुए दोनों राज्यों के हितों के लिए काम करेगी।

..........................................................................................................................................